Employment Standards

विदेशी नागरिकों के लिए रोजगार संरक्षण अधिनियम, 2009 (Employment Protection for Foreign Nationals Act, 2009) के तहत आपके अधिकार

अस्वीकरण: इस संसाधन को कर्मचारियों तथा नियोजकों को विदेशी नागरिकों के लिए रोजगार संरक्षण अधिनियम, 2009 (Employment Protection for Foreign Nationals Act, 2009) (EPFNA) के तहत स्थापित न्यूनतम अधिकारों तथा कर्तव्यों व विनियमों को समझने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है। यह कानूनी परामर्श नहीं है। इसका अभिप्राय EPFNA अथवा विनियमों को बदलना नहीं है तथा हमेशा कानून के आधिकारिक संस्करण का संदर्भ लिया जाना चाहिए। हालांकि हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करते हैं कि इस संसाधन में दी गयी जानकारी यथासंभव ताजा तथा सटीक हो, फिर भी कभी-कभार त्रुटियां हो जाती हैं। यदि विधेयक की व्याख्या तथा विशिष्ट परिस्थितियों में इसके लागू होने के संबंध में किसी मदद की आवश्यकता हो तो कृपया अपने विधिक सलाहकार से संपर्क करें।

विदेशी नागरिकों के लिए रोजगार संरक्षण अधिनियम, 2009 (Employment Protection for Foreign Nationals Act, 2009) (EPFNA) ओंटारियो में कार्यरत अथवा आव्रजन अथवा विदेशी अस्थायी कर्मचारी कार्यक्रम के आधार पर रोजगार खोज रहे विदेशी नागरिकों के ऊपर लागू होता है। उदाहरणस्वरूप, यदि आप ओंटारियो में कार्यरत हैं अथवा संघीय अस्थाई विदेशी कामगार कार्यक्रम के माध्यम से रोजगार खोज रहे हैं, तो EPFNA आप पर संभावित रूप से लागू होगा।

यह सूचना पत्रक EPFNA के तहत आपके अधिकारों का एक सारांश प्रदान करता है। ओंटारियो में एक विदेशी नागरिक के रूप में सामान्यत: आपके पास रोजगार मानक अधिनियम, 2000 (Employment Standards Act, 2000) (ESA) के तहत आने वाले अधिकार भी हैं। ESA में न्यूनतम मजदूरी एवं काम के घंटों की सीमा जैसे मानक शामिल हैं। EPFNA के तहत आने वाले कर्मचारियों को इस दस्तावेज के साथ ESA के तहत आने वाले अधिकारों के बारे में एक सूचना पत्रक प्राप्त करने का अधिकार है।

अन्य भाषाएं

यदि आपकी प्रथम भाषा अंग्रेजी नहीं है तो आपके नियोक्ता अथवा भर्तीकर्ता को यह पता लगाना चाहिए कि श्रम मंत्रालय (Ministry of Labour) की ओर से सूचना पत्रक आपकी प्रथम भाषा में उपलब्ध है या नहीं, और यदि है, तो आपको अनूदित संस्करण भी प्रदान कराना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए, कृपया Ontario.ca/EPFNA को देखें।

भर्तीकर्ता आपसे किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं वसूल सकता है

भर्तीकर्ता वह है जो ओंटारियो में आपके लिए रोज़गार खोजता है या खोजने की कोशिश करता है, आपके लिए रोज़गार खोजने हेतु किसी और व्यक्ति की सहायता करता है अथवा रोज़गार खोजने हेतु में आपकी सहायता करने हेतु आपको किसी अन्य व्यक्ति के पास भेजता है। भर्तीकर्ता आपसे किसी भी प्रकार की सेवा, सहायता अथवा लाभ के लिए शुल्क वसूल नहीं कर सकता है। उदाहरणस्वरूप, रोजगार प्राप्त करने हेतु, आपके श्रम बाजार प्रभाव आकंलन (Labour Market Impact Assessment) (LMIA) हेतु अथवा ओंटारियो में रोजगार प्राप्त करने हेतु किसी भी अन्य आवश्यकता के लिए शुल्क वसूल नहीं कर सकता है। वैकल्पिक होने पर भी अतिरिक्त सेवाओं जैसे अभिविन्यास, कार्य अनुभव और शिक्षा संबंधी संक्षिप्त विवरण लेखन, साक्षात्कार की तैयारी, *या* प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण सत्र के लिए आपसे शुल्क नहीं वसूला जा सकता है।

Ontario

इसके साथ ही, भर्तीकर्ता की ओर से काम कर रहा कोई भी व्यक्ति भी आपसे इनमें से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं वसूल सकता है।

आपका नियोक्ता आपसे नियुक्ति शुल्क नहीं वसूल सकता है (सीमित अपेक्षाओं के साथ)

आमतौर पर, यदि आपके नियोक्ता ने आपकी नियुक्ति हेतु किसी भी प्रकार के शुल्क का भुगतान किया है अथवा किसी प्रकार के खर्च को वहन किया है, तो वह इस लागत को आपसे नहीं वसूल सकता एवं न ही आपके वेतन में से काट सकता है। इसमें वही सब कार्य संबंधित शुल्क एवं लागत शामिल हैं जिसको वसूल करना एक भर्तीकर्ता के लिए निषिद्ध है, उदाहरण के लिए आपका LMIA। हालांकि, यदि आप संघीय सरकार के "मौसमी कृषि कामगार कार्यक्रम" ("Seasonal Agricultural Worker Program") (SAWP) के तहत कार्यरत हैं, तो आपका नियोक्ता हवाई यात्रा एवं कार्य संविदा की लागत घटा सकता है, यदि SAWP रोजगार अनुबंध के अंतर्गत इन कटौतियों की अनुमति है।

आपका नियोक्ता अथवा भर्तीकर्ता आपकी सम्पति नहीं ले सकते हैं

आपका भर्तीकर्ता, आपका नियोक्ता अथवा दोनों में से किसी की भी ओर से काम करने वाला व्यक्ति आपकी सम्पति को किसी भी कारणवश जब्त या अपने पास नहीं रख सकता है। इसमें आपका पासपोर्ट या कार्य संविदा जैसे दस्तावेज़ शामिल हैं।

आप अपने अधिकारों को छोड़ने के लिए सहमति प्रदान नहीं कर सकते हैं

EPFNA के तहत आप अपने भर्तीकर्ता, अपने नियोक्ता, या आपके भर्तीकर्ता या नियोक्ता की ओर से काम करने वाले व्यक्ति को अपने किसी भी प्रकार के अधिकारों को छोड़ने के लिए सहमति नहीं प्रदान कर सकते हैं अथवा न ही किसी प्रकार का अनुबंध कर सकते हैं। इस प्रकार का कोई भी अनुबंध अमान्य है। उदाहरणस्वरुप, यदि आप एक भर्तीकर्ता के साथ आपसे भर्ती करने का शुल्क वसूलने की अनुमति देने वाले अनुबंध पर हस्ताक्षर करते हैं, तो यह अनुबंध अमान्य होगा।

आपको अपने अधिकारों की मांग करने अथवा उपयोग करने के लिए दंडित नहीं किया जा सकता है

यदि आप ESA अथवा EPFNA के अंतर्गत आने वाले अपने अधिकारों की मांग करते हैं या अपने अधिकारों की मांग रखते हैं, तो आपका भर्तीकर्ता, आपका नियोक्ता अथवा दोनों में से किसी की भी ओर से काम करने वाला कोई व्यक्ति आपको किसी भी प्रकार से दंडित नहीं कर सकता है, जिसमें आपके रोजगार को समाप्त करना भी शामिल है। आपके पास अपने ESA अथवा EPFNA अधिकारों की मांग करने या उनका उपयोग करने पर अपने भर्तीकर्ता, अपने नियोक्ता, या दोनों में से किसी की भी ओर से काम करने वाले व्यक्ति के द्वारा दंडित न का किये जाने का भी अधिकार है।

यदि आपका कोई प्रश्न है या कोई दावा दायर करना चाहते हैं

यदि आपका EPFNA से संबंधित कोई प्रश्न हैं, तो कृपया Ontario.ca/EPFNA को देखें अथवा रोजगार मानक सूचना केन्द्र (Employment Standards Information Centre) से (416) 326-7160 (1-800-531-5551 टॉल फ्री) पर संपर्क करें, अथवा सुनने में अक्षम व्यक्तियों के लिए 1-866-567-8893 पर TTY. सूचना कई भाषाओँ में उपलब्ध है।

यदि आपको विश्वास है कि आपको EPFNA के तहत अपने अधिकार प्राप्त नहीं हुए हैं और आप श्रम मंत्रालय के साथ एक दावा दायर करना चाहते हैं, तो आप ऐसा Ontario.ca/EPFNA पर कर सकते हैं। आप एक EPFNA दावा फार्म (EPFNA Claim Form) सर्विस ओंटारियो प्रकाशक (ServiceOntario Publications) से ऑनलाइन माध्यम से या 1-800-668-9938 (या 1-800-268-7095 पर TTY) पर संपर्क करके भी प्राप्त कर सकते हैं।

Ontario

EPFNA के तहत अपने अधिकारों के लिए दावा दायर करने हेतु आपके पास साढ़े तीन वर्ष हैं। यदि EPFNA के तहत एक आदेश पारित हो जाता है तो कितना पैसा वसूल किया जा सकता है इसकी कोई सीमा नहीं है।

कृपया ध्यान दें कि ESA एवं EPFNA के तहत दायर किये जाने वाले दावों की विभिन्न समय सीमाएं होती हैं। **ESA एवं EPFNA के तहत दावा दायर करने हेतु अलग फार्म को उपयोग में लाया जाता है।**

ESA के तहत अधिकारों के बारे में जानकारी के लिए एवं ESA के तहत एक दावा दायर करने हेतु, कृपया Ontario.ca/ESAguide पर दिए गए रोजगार मानक अधिनियम, 2000 के लिए आपकी मार्गदर्शिका (Your Guide to the Employment Standards Act, 2000) देखें।